Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 05 / 07 / 2022

## प्रकाशनार्थ

**बीएड प्रथम वर्ष, द्वितीय वर्ष और बीपीएड प्रथम वर्ष का परीक्षाफार्म 11 जुलाई तक होगा जमा**

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के बीएड प्रथम वर्ष, बीएड द्वितीय वर्ष और बीपीएड प्रथम वर्ष की परीक्षाओं के लिए परीक्षा फार्म भरने और नेट बैंकिंग के माध्यम से शुल्क जमा करने की आखिरी तिथि को विस्तारित कर दिया गया है। 11 जुलाई तक फार्म भरने के साथ शुल्क जमा कराया जा सकता है। विस्तृत जानकारी ीजजचरूध्ध्ककनहन.ब.पद पर हासिल की जा सकती है।घोषित कार्यक्रम के अनुसार बीएड प्रथम वर्ष सत्र 2019–20, सत्र 2020–21 के भूतपूर्व एवं अंकसुधार परीक्षा, बीएड द्वितीय वर्ष–2022 के संस्थागत, भूतपूर्व एवं अंकसुधार परीक्षा और बीपीएड प्रथम वर्ष सत्र 2021–22 के अर्ह छात्रों की परीक्षाओं के लिए ऑनलाइन परीक्षाफार्म भरने एवं नेट बैंकिंग के माध्यम से परीक्षा शुल्क जमा करने की आखिरी तिथि 11 जुलाई तक विस्तारित की गई है। समस्त महाविद्यालय को निर्देशित किया जाता है कि परीक्षा फार्म घोषित कार्यक्रम के अनुसार भरवाना सुनिश्चित करें। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि बीएड प्रथम वर्ष 2022, बीएड द्वितीय वर्ष और बीपीएड प्रथम वर्ष की (वार्षिक परीक्षा) भूतपूर्वध्अंकसुधार के परीक्षा का कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। बीएड प्रथम वर्ष की परीक्षा 19 जुलाई से प्रारंभ होकर 28 जुलाई तक चलेगी। बीएड द्वितीय वर्ष 2022(वार्षिक परीक्षा) भूतपूर्वध्अंकसुधार की परीक्षाएं 18 जुलाई से प्रारंभ होकर 29 जुलाई तक चलेंगी। बीपीएड प्रथम वर्ष 2022 की वार्षिक परीक्षा 18 जुलाई से शुरू होकर 29 जुलाई तक चलेंगी।

D. M. Singh

**Media and Public Relations Officer**
**Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur**
**University, Gorakhpur**